उनवानी प्रकरणः— सरकार बनाम जगन्नाथ पुत्र लड्डू जाति जाट

मु.न.:— ...96/2025 कि0मु0:— प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर. एक्ट

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय निशियल्स जज	नम्बर व तारीख
30.12.2025	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी जगन्नाथ पुत्र लड्डू जाति जाट निवासी कारौली ताराचन्द के द्वारा प्रार्थना पत्र पेश किया गया है कि प्रार्थी ग्राम कारौली ताराचन्द के सम्बत् 2077—2080 के खाता संख्या 66, 65 द्वारा रिकार्डेड खातेदार काश्त कार है जिसमें प्रार्थी का नाम जिग्यों के स्थान पर सही नाम जगन्नाथ शुद्ध किये जाने का निवेदन किया गया। जिसकी जांच तहसीलदार खण्डार द्वारा करवाये जाने पर तहसीलदार खण्डार से प्राप्त जांच रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी का सही नाम जगन्नाथ पुत्र लड्डू है जिसे दुरूस्त किये जाने की अभिशंषा की गई। पत्रावली पर उपलब्ध दस्ताबेजो एवं तहसीलदार खण्डार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। जिसमें प्रार्थी का सही नाम जगन्नाथ होना अंकित है। प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम कारौली ताराचन्द के सम्बत् 2077—2080 के खाता संख्या 65, 66 में जिग्यों के स्थान पर सही नाम जगन्नाथ शुद्ध किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है। तहसीलदार खण्डार को आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्त किया जावें। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों। 31/12/25 उपखण्ड अधिकारी खण्डार (सवाई माधोपुर)	

उपखण्ड अधिकारी खण्डार (स. मा.) सत्यमेव जयते

Signature Not Verified

Digitally signed by Varsha Meena
Date: 2026.01.02 12:55:58 IST
Reason: SelfAttested